# अवैध लकड़ी कटाई के खिलाफ हिंदू जागरण मंच ने डीएफओ को सड़क पर बैठाया

## मुस्लिम युवती ने भी बताई खुद के समाज की अवैध गतिविधियों में संलिप्तता

**शाजापुर, 13 दिसंबर. शाजापुर शहर में अवैध तरीके से लकड़ियों की कटाई चल रही है, जिसका परिवहन भी अवैध तरीके से किया जा रहा है. इस मामले को नवभारत द्वारा मुहिम के तौर पर लगातार प्रकाशित किया जा रहा है. खबर प्रकाशन के बाद हिंदू जागरण मंच और पर्यावरण प्रेमियों ने वन विभाग का घेराव किया और डीएफओ को सड़क पर बैठाकर कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन सौंपा. वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समाज की एक युवती ने अपने ही समाज में चल रही अवैध गतिविधियों को लेकर खुलेआम कई गंभीर आरोप लगाए.**





गौरतलब है कि शाजापुर शहर में लगातार अवैध रूप से लकड़ियों का परिवहन किया जा रहा है. वन विभाग द्वारा कार्यवाही न करने पर हिंदू जागरण मंच ने आज वन विभाग का घेराव किया और डीएफओ के नहीं आने पर शहरी हाईवे को जाम किया. इसके बाद डीएफओ आई, जिन्हें सड़क पर बैठाकर ही ज्ञापन सौंपा. इस संबंध में हिंदू जागरण मंच के अनूप किरकिरे ने कहा कि यदि अवैध लकड़ी कटाई पर रोक नहीं लगी, तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा. बस स्टैंड से सैकड़ों की संख्या में सर्व हिंदू समाज के लोगों ने मोटर साइकिल से रैली निकाली और वन विभाग पहुंचे, जहां उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही केलिए सद्बुद्धि आए, इसके लिए सुंदरकांड किया और ज्ञापन सौंपा. वहीं दूसरी ओर शहर में अवैध गतिविधियों को लेकर भी पुलिस को एक ज्ञापन सौंपा.

### मुस्लिम युवती ने अपने ही समाज पर लगाए कई गंभीर आरोप

हिंदू जागरण मंच पर मुस्लिम युवती सोनिया मेव ने पत्रकारों को बताया कि उनके समाज के कई लोग कई अवैध कामों में लिप्त हैं और वे अपने ही समाज के ऐसे लोगों को बेनकाब करना चाहती हैं, जो अवैध गतिविधियों में शामिल हैं. सोनिया मेव ने कहा कि हमारे समाज में जो अवैध गतिविधियां हो रही हैं, उन्हें हर हाल में रोकना चाहिए. उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज में जो लोग अवैध गतिविधियां कर रहे हैं, मैं उनके खिलाफ खड़ी हूं.

### किसी भी स्थिति में लकड़ी कटाई और उसका अवैध परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

हिंदू जागरण मंच के अनूप किरकिरे ने कहा कि एक तरफ हम पर्यावरण को बचाने के लिए पौधे लगा रहे हैं . दूसरी तरफ लकड़ी माफिया पेड़ों की कटाई कर रहे हैं . शाजापुर का पर्यावरण हर हाल में बचाना होगा . वन विभाग की सांठगांठ से शहर में आरा मशीनों पर खुलेआम अवैध लकड़ियों का परिवहन किया जा रहा है . किरकिरे ने कहा कि शहर में अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ वन विभाग और पुलिस यदि ठोस कार्यवाही नहीं करती है, तो हिंदू जागरण मंच उग्र आंदोलन करेगा .

### आखिर डीएफओ को सड़क पर आना ही पड़ा

वन विभाग पहुंचे हिंदू जागरण मंच के सैकड़ों कार्यकर्ता जब ज्ञापन देने के लिए उठे, तो मौके पर डीएफओ ने आने से मना कर दिया. इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने वन विभाग के सामने ही हाईवे पर बैठकर जमकर नारेबाजी की. इसके बाद डीएफओ मौके पर आई और उन्हें सड़क पर बैठाकर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्यवाही की मांग की. हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि सात दिन में कोई कार्यवाही नहीं हुई, तो आंदोलन का जिम्मेदार वन विभाग होगा.




## एक नजर में

### 65 मरीजों के आंखों की जांच की




**शुजालपुर, 13 दिसंबर .** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर द्वारा नेत्रदानी स्वर्गीय पदमा देवी चौधरी की स्मृति में रमन लाल चौधरी, मनीष चौधरी, सार्थक चौधरी परिवार के सहयोग से निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र सरकारी अस्पताल के सामने शुजालपुर मंडी में संपन्न हुआ, जिसमें 65 मरीजों की आंखों की जांच डॉक्टर जसवंत यादव व नेहा सोनी ने कर 12 मरीजों का चयन ऑपरेशन के लिए किया. इस शिविर में पूर्व पटवारी दीनदयाल परमार द्वारा मृत्यु उपरांत देहदान का संकल्प पत्र भरने पर उनका सम्मान किया गया. सेवा सदन केंद्र प्रभारी खुशीराम आचार्य, हरिनारायण परमार, गंगाधर शर्मा, राजेंद्र कात्यानी, रितेश चौधरी, प्रवीण जैन, अभिषेक चौधरी का सहयोग रहा.

### कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना




**सोयतकलां, 13 दिसंबर .** रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली आम सभा में शामिल होने के लिए शनिवार को सुसनेर विधायक भेरू सिंह बापू के नेतृत्व में सोयतकलां क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता घनश्याम कुशवाहा, नर्सिंग कुशवाहा, हरिओम कुशवाहा, रामचंद्र मेहर दिलीप जाटव व अन्य कार्यकर्ता रवाना हुए.

### स्वदेशी संकल्प यात्रा आज पहुंचेगी शुजालपुर

**शुजालपुर, 13 दिसंबर .** अखिल भारतीय व्यापारी परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में 15 अक्टूबर को नागपुर से प्रारंभ हुई स्वदेशी संकल्प यात्रा आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाते हुए मध्य प्रदेश में 1 दिसंबर को पांढुरना से प्रारंभ हुई. यह यात्रा 14 दिसंबर रविवार को सीहोर पहुंचेगी, जहां सुबह 11 बजे तहसील चौराहे से यात्रा प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होती हुई कोतवाली चौराहे पर पहुंचेगी, जहां 12 बजे आमसभा आयोजित होगी. इसके बाद यात्रा कालापीपल होते हुए शुजालपुर पहुंचेगी, जहां विशिष्ट अतिथि केसरिया झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना करेंगे. यात्रा के दौरान नागरिकों को स्वदेशी-विदेशी उत्पादों की पहचान, विदेशी मुद्रा बचत, उद्योग विस्तार, रोजगार सृजन और स्वदेशी उद्योगों के महत्व पर मार्गदर्शन दिया जाएगा. स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ के संकल्प को साकार करने के लिए आयोजित बैठक में व्यापारी परिषद जिला अध्यक्ष अम्बर जैन, सुदीप लोवनिया, राजकुमार जैन, नवनीत उपाध्याय, सुनील जैन, कमलेश पारीक, प्रतीक खत्री आदि उपस्थित रहे.

# श्याम की बांसुरी से किसके नाम का निकलेगा अध्यक्ष रूपी स्वर...?

पोलिटिकल इनसाइड
मनोज पुरोहित

युवा मोर्चा पर श्याम की ताजपोशी के बाद अब शाजापुर जिले में नए युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष को लेकर यूं तो कई दावेदार नजर आ रहे हैं, लेकिन सशक्त दावेदार में हर्ष मंडलोई एक नाम हो सकता है. अब देखना है कि श्याम की बांसुरी से मंडलोई को हर्ष होता है या कोई दूसरा ही जिलाध्यक्ष बनता है. वहीं शाजापुर नगर अध्यक्ष के लिए भी आधा दर्जन दावेदार हैं, जिनमें गौरव जोशी, नीलेश चंद्रवंशी, अंकित तंवर जैसे और भी कई दावेदार हैं. अब देखना यह है कि नगर अध्यक्ष का ताज इनमें से किसी को मिलता है या फिर किसी नए युवा को मिलता है. वैसे जिलाध्यक्ष को लेकर सबसे सशक्त दावेदार में हर्ष मंडलोई का नाम चर्चा में है. हालांकि भाजपा में नगर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष बनाने की जो प्रक्रिया है, उसमें भाजपा जिलाध्यक्ष और नगर अध्यक्ष पैनल में जो नाम भेजते हैं, उनकी घोषणा होती है. इसलिए जो नाम पैनल में जाएंगे, उनमें से किसके भाग्य की लॉटरी खुलती है, ये आने वाले समय में पता चलेगा. लेकिन एक बात तय है कि इस बार शाजापुर जिला युवा मोर्चा का अध्यक्ष जिला मुख्यालय से बनने की संभावना न के बराबर है. क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष खुद जिला मुख्यालय से हैं. ऐसे में जिला युवा मोर्चा का पद जिले के अन्य क्षेत्रसे मिल सकता है. हर्ष मंडलोई की बात करें, तो वे सशक्त दावेदार हैं और युवा मोर्चा में वे श्याम के साथ कदमताल भी मिला रहे हैं. हालांकि और भी जिला मुख्यालय पर युवा मोर्चा के दावेदार हैं. अब देखना है किउन्हें जिले में रखा जाता है या फिर प्रदेश की टीम में शामिल किया जाता है. नगर अध्यक्ष की बात करें, तो गौरव जोशी वर्तमान में युवा मोर्चा के पदाधिकारी हैं. ऐसे में वे भी नगर अध्यक्ष के लिए दावेदारों की सूची में शामिल हैं. तो वहीं नीलेश चंद्रवंशी भी दावेदारों की सूची में जुड़े हुए हैं. अंकित तंवर भी एक ऐसा नाम है, जो युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष के रूप में आ सकते हैं. हालांकि भाजपा हमेशा चौंकाने वाला नाम देती है, लेकिन कयास यही लगाए जा रहे हैं कि कुछ हद तक ये नाम आ सकते हैं. अब देखना यह है कि श्याम की बांसुरी से किसके नाम का स्वर निकलता है.

**कांग्रेस में टोटा, तो भाजपा में है बाढ़**

भले हीनगर पालिका चुनाव को अभी लगभग डेढ़साल है. और ऐसी चर्चा है कि इस बार नगर पालिका अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग महिला या पुरुष हो सकता है. ऐसे में कांग्रेस के पास ऐसा कोई दावेदार नजर नहीं आ रहा है जो भाजपा को टक्कर दे सके. वहीं भाजपा में पिछड़ा वर्ग के इतने दावेदार हैं कि वे अभी से पांव में आने लग गए हैं. पिछड़ा वर्ग के लिए इस बार भी चर्चा इसलिए ज्यादा है कि अभी तक पिछड़ा वर्ग महिला पद शाजापुर नगर पालिका को नहीं मिला है. अब देखना यह है कि वह कौन सौभाग्यशाली होगा, जो अध्यक्ष पति या अध्यक्ष पुत्र कहलाएगा.

**ब्लॉक अध्यक्ष से बदलेगी कांग्रेस की राजनीति**

शाजापुर ब्लॉक कांग्रेस का पद बम्बई की मिठाई बन चुकी है. अब इस मिठाई को कौन चखेगा, ये तो आने वाले समय में पता चलेगा, लेकिन ब्लॉक अध्यक्ष की ताजपोशी के बाद कांग्रेस की राजनीति भी बदल सकती है. दावेदारों की बात करें, तो अब केवल खान और कुरैशी के बीच ही ये कुर्सी फंसी हुई है. अब देखना यह है कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी कुरैशी को मिलती है या ब्लॉक अध्यक्ष पद का रिन्यूअल इरशाद खान के खाते में जाता है.

**अंत में...**

समझने ही नहीं देती सियासत
हमको सच्चाई, कभी चेहरा नहीं
मिलता कभी दर्पण नहीं मिलता.

# सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में दीपिका गुप्ता का चयन

**शाजापुर, 13 दिसंबर. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 में शासकीय कन्या महाविद्यालय शाजापुर की प्रयोगशाला तकनीशियन दीपिका गुप्ता का चयन हुआ है.**




गुप्ता ने बताया कि अनारक्षित महिला वर्ग में उन्होंने 7वीं रैंक हासिल की है. उन्होंने रसायत शास्त्र विषय में सहायक प्राध्यापक परीक्षा उत्तीर्ण की है.

वर्ष 2024 की सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में भी श्रीमती गुप्ता का चयन हुआ है.

वे वर्तमान में शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर पदस्थ हैं. पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने के दौरान ही उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की. इस उपलब्धि का श्रेय वे अपने माता-पिता, सास-ससुर, पति, बेटे और शिक्षकों के साथ उन सभी को देना चाहती हैं जिन्होंने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से उनका सहयोग किया.

# फिल्मी स्टाईल में किया नाबालिग बालिका का पीछा



**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीन नाबालिग लड़कों को पकड़ा**

**शुजालपुर, 13 दिसंबर. शहर के मंडी क्षेत्र स्थित प्रेमनगर कॉलोनी का एक वीडियों सामने आया, यह वीडियों कॉलोनी के एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ. यह घटना 30 नवम्बर 2025 की शाम 7.44 की है, जिसमें एक 10 से 12 वर्षीय लड़की अपना पीछा कर रहे बाइक पर बैठे लड़कों से बचते हुए भागती हुई नजर आ रही है.**

यह वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने घटनाक्रम में रूचि दिखाई, हालांकि जिस नाबालिग लड़की के साथ यह घटनाक्रम हुआ उसके परिजनों ने सामाजिक बदनामी के डर से एफआईआर कराने से इंकार कर दिया. पुलिस ने इस वीडियों के आधार पर तीन लड़कों को पकड़ा जो कि नाबालिग है. इन नाबालिग लड़कों में से एक लड़का आदतन अपराधी होकर एक दर्जन से अधिक प्रकरण उस पर दर्ज है. उक्त नाबालिग लड़कों में एक लड़का मंडी क्षेत्र का व दो लड़के सिटी क्षेत्र के बताए जा रहे है. पुलिस ने इन लड़कों को हिरासत में ले लिया लेकिन प्रकरण के आभाव में कोई कार्यवाही नहीं की.

### मंडी में सोयाबीन की आवक कम होने लगी

**शुजालपुर, 13 दिसंबर.** एक पखवाड़े पूर्व जहां शुजालपुर स्थित कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की बम्पर आवक हो रही थी. वहीं अब धीरे-धीरे सोयाबीन की आवक कम होने लगी है. अनाज मंडी में शुक्रवार को सोयाबीन की आवक 2728 क्विंटल की रही और भाव 2 हजार से 4561 रुपए तक रहे. मंडी में गेहूं 2300 से 2550, चना सफेद 5100 से 8421, चना मौसमी 5000 से 5340, चना कांटा 4800 से 5200, मसूर 5200 से 6256 रुपए प्रति क्विंटल तक बिकी और अनाज मंडी में कुल आवक 3847 क्विंटल की रही. उधर सिटी स्थित फल सब्जी मंडी में 6 हजार क्विंटल प्याज आया और अधिकतम 1750 रुपए बिका, लहसुन की आवक 2400 क्विंटल रही और अधिकतम दाम 11500 रुपए प्रति क्विंटल रहे.

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**सोयतकलां, 13 दिसंबर. रविवार सुबह 10 बजे से मेड़तवाल समाज व टीम परिचय सम्मेलन के तत्वावधान में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सप्त ऋषि व्यवसायिक परिसर में किया जा रहा है, जिसमें मेड़तवाल समाज के डॉक्टरों द्वारा इलाज व परामर्श दिया जाएगा.**

शिविर में डॉक्टर रितेश गुप्ता इंदौर हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर निर्मल गुप्ता कोटा वरिष्ठ विशेषज्ञ बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी, डॉ. आरवी गुप्ता कोटा वरिष्ठ विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर नयन गुप्ता इंदौर कैंसर रोग, डॉ. अतुल गुप्ता इंदौर हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर निलेश गुप्ता भवानी मंडी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर रीता गुप्ता इंदौर शुगर एवं थायराइड रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर ब्रजमोहन गुप्ता ब्यावर डॉ. सुमित सिंधी खिलचीपुर स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर विनीत गुप्ता कोटा, डॉक्टर सौम्या गुप्ता ग्वालियर, डॉक्टर प्रियदर्शनी सराफ खिलचीपुर, डॉक्टर सलोनी गुप्ता जीरापुर जनरल फिजिशियन, विशेषज्ञ डॉक्टर आयुष गुप्ता सोयतकलां, डॉ सचिन गुप्ता जीरापुर, डॉक्टर तुषार गुप्ता खिलचीपुर, डॉक्टर सागर गुप्ता राजगढ़, डॉ. राधिकेश गुप्ता, सुनील फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ, डॉक्टर अविनाश गुप्ता सुठालिसया ब्यावरा होम्योपैथिक एवं साइटिका विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सौरभ गुप्ता जीरापुर, डॉक्टर निलेश गुप्ता झालावाड़ शिविर में आंखों का ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा. जानकारी सप्त ऋषि परिवार व टीम परिचय सम्मेलन के डॉक्टर आरवी गुप्ता महेश घाटिया द्वारा दी गई.

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गोपालसिंह पिता श्री लालजीराम कुशवाह निवासी बृज नगर कॉलोनी स्टेशन रोड शाजापुर का यह उद्घोषणा करता हूं कि मैं आज दिनांक से अपने पुत्र सुमित पिता गोपालसिंह को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ती से पृथक (बेदखल) करता हूं. आज दिनांक के बाद से मेरा, सुमित से किसी प्रकार का संबंध नहीं रहेगा. तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक के पश्चात वे सुमित से मेरे नाम व मेरे प्रभाव के आधार पर किसी प्रकार का संव्यवहार ना करें. आज इस प्रकाशन के पश्चात सुमित अपने कार्य एवं व्यवहार के लिये स्वयं उत्तरदायी होगा. यह सूचना सर्वसाधारण के लिये आज दिनांक को प्रकाशित की गई है.

**दिनांक** - 13/12/25
**स्थान** - शाजापुर

**गोपालसिंह कुशवाह**
**निवासी स्टेशन रोड**
**शाजापुर, जिला - शाजापुर( म.प्र. )**

## एक नजर में

### प्रभारी मंत्री ने सरकार की दो साल के कार्यकाल की उपलब्ध्यिों के बारे में बताया

# सीएम के दो साल के कार्यकाल की उत्तर पुस्तिका लेकर प्रभारी मंत्री ने रखी सरकार की बात

**शाजापुर, 13 दिसंबर. प्रदेश सरकार का एक लक्ष्य है कि कानून व्यवस्था तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. और जनता के विकास के लिए विकास कार्यों को छोड़ा नहीं जाएगा. प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है. बीते दो सालों में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं के लिए कई नवाचार करके कई विकास कार्य किए हैं.**




यह बात जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने आयोजित प्रेस वार्ता में अपनी सरकार के दो साल के कार्यकाल की उपलब्धि का बखान करते हुए कहा कि प्रदेश मेंकानून व्यवस्था तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है. किसी भी आदमी को कानून हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा. प्रदेश की महिला और बेटियों की सुरक्षा मुख्यमंत्री मोहन यादव की प्राथमिकताओं में सबसे अव्वल है. प्रदेश की बेटियां सुरक्षित हैं और महिलाओं के सम्मान के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव सख्त कदम उठाने से भी नहीं हिचकते हैं. मुख्यमंत्री मोहन यादव को आज दो साल हो गए. उन्होंने प्रदेश में उद्योग स्थापित करने की दिशा में लोगों को स्वच्छ जल मिले, स्वच्छ वातावरण मिले, अच्छी सड़कें मिले, लोगों का स्वास्थ्य और बच्चों की शिक्षा की दिशा में सांदिपनी जैसे स्कूलों की कल्पना को साकार किया. प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि यूं तो 2004 से लेकर अभी तक भाजपा के सभी मुख्यमंत्रियों ने प्रदेश की खुशहाली केलिए काम किया है और उन्हीं कामों को और बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने का काम मुख्यमंत्री मोहन यादव कर रहे हैं. इस अवसर पर विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने 24 महीने में जो विकास कार्य किए हैं, वो अपने आप में एक रिकॉर्ड है. हर महीने लाड़ली बहनाओं को समय से राशि मिल रही है. ये सरकार की दूरदर्शिता और वचन बद्धता का ही परिणाम है. इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रेम जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष आदि मौजूद थे.

### संतोष वर्मा पर हर हाल में कार्यवाही होगी...

ब्राह्मण समाज की बेटियों पर आपत्तिजनक बयान देने वाले आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा पर कार्यवाही के संबंध में जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि बेटी किसी भी समाज की हो, उसका मान-सम्मान कायम रखना सरकार का काम है . संतोष वर्मा जैसे अधिकारी का बयान को सरकार ने गंभीरता से लिया है . उन्हें पद से हटाया और उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जा रही है . किसी भी स्थिति में ऐसे बयान सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किए जाएंगे .